भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र

सेवा में,

श्री अनुपम सिंह
सचिव,
एम0पी0एस0एम0 ग्रेस कॉन्वेन्ट स्कूल
निकट गनेशरा स्टेडियम,
ग्राम-गनेशरा, मथुरा।

विषयः- जनहित याचिका संख्या 483/2004 अवनीश मेहरोत्रा बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य में पारित माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 13.04.09 के अनुपालन में विद्यालय/स्कूल भवनों का निरीक्षण कर सुरक्षा प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपके प्रार्थना पत्र दिनांक 16.08.2020 द्वारा उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में मांगी गई सूचना निम्नानुसार है :-

1. विद्यालय का नाम :- एम0पी0एस0एम0 ग्रेस कॉन्वेन्ट स्कूल, ग्राम-गनेशरा, जिला-मथुरा।
2. विद्यालय तक पहुँच मार्ग :- राष्ट्रीय राजमार्ग सं0-2 से ग्राम गनेशरा मार्ग पर ग्राम में स्थित गनेशरा स्टेडियम के निकट मार्ग के सहारे विद्यालय भवन स्थित है।
3. सैट बैक :- उपलब्ध है।

आपके उपरोक्त प्रार्थना पत्र दिनांक 16.08.2020 के अनुपालन में विद्यालय हेतु भू/प्रथम तल पर निर्मित भवन का निरीक्षण दिनांक 21.08.2020 को करने पर पाया गया कि भूतल पर निर्मित 18 कक्षों के अतिरिक्त डायरेक्टर, प्रधानाचार्य, स्टॉफ, कम्प्यूटर लैब, प्रयोगशाला (गणित हेतु), परीक्षक सामिग्री, संगीत, मेडीसन हेतु एक-एक कमरा के साथ दो गार्ड रूम व अन्य के रूप में 08 कमरें तथा प्रथम तल पर 17 कक्षों के अतिरिक्त स्टॉफ, पुस्तकालय, दो प्रयोगशाला, स्पोटर्स सामिग्री हेतु एक-एक कमरा के साथ स्टोर के रूप में 05 कमरें निर्मित हैं। विद्यालय भवन के कक्षों की छतें आर0सी0सी0 से बनी हुई हैं, जो आगामी पन्द्रह वर्षो हेतु मजबूत एवं टिकाऊ हैं। भू-तल से प्रथम तल पर आने-जाने हेतु दो अलग-अलग स्थानों पर झीना निर्मित है। विद्यालय भवन के मुख्य गेट के सहारे एक छोटा द्वार तथा विद्यालय के छात्रों के हल्के वाहन एवं विद्यालय वाहनों के आवागमन हेतु दो अतिरिक्त द्वार बने हुये है। विद्यालय भवन में वाहनों को खड़े किये जाने एवं खेल-कूद हेतु पर्याप्त मैदान उपलब्ध है। विद्यालय भवन में सामान्य विद्युत व्यवस्था के अतिरिक्त आकस्मिक विद्युत व्यवस्था जनरेटर एवं सौर ऊर्जा के माध्यम से संचालित हैं। विद्यालय का निर्मित भवन नेशनल बिल्डिंग कोड-2005 के मानकों तथा लो0नि0वि0 की विशिष्टियों के अनुरूप बना हुआ है।

प्रधानाचार्य/Principal
एम.पी.एस.एम. ग्रेस कॉन्वेन्ट स्कूल
M.P.S.M. Grace Convent School
गनेशरा स्टेडियम के सामने, गनेशरा
कृष्णा नगर, मथुरा

दिनांक :- **21.08.2020**

(हरिओम शर्मा)
सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, मथुरा

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0
मथुरा

प्रबन्धक/Manager
एम.पी.एस.एम. ग्रेस कॉन्वेन्ट स्कूल
M.P.S.M. Grace Convent School
गनेशरा स्टेडियम के सामने, गनेशरा